राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 14 जुलाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की नियुक्ति की घोषणा के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर हजारों कार्यकर्ताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, पूर्व सांसद, महापौर एवं अनेक जनप्रतिनिधयों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा को मालायें पहनाकर एवं मिठाई बांटकर जबरदस्त स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये अभिनन्दन को स्वीकार करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तम्भ हैं तथा पार्टी के लिये निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के सम्मान एवं हितों की रक्षा हेतु वे प्रदेशाध्यक्ष एवं संरक्षक होने के नाते सदैव उपलब्ध रहे हैं तथा आगे भी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस की मजबूती एवं जनसेवा का कार्य तत्परतापूर्वक करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा आम चुनावों में जारी घोषणा पत्र में किये गये सभी वादों की क्रियान्विति होना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सन् 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी विजयी होगी तथा राजस्थान में पुनः सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी से पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध करवाने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आउटरीच कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है जिसके तहत् 4000 कोरोना वॉरियर्स नियुक्त किये गये हैं जो प्रदेशभर में ब्लॉक एवं नगर स्तर पर प्रत्येक कोरोना पीड़ित परिवार जिन्होंने इस महामारी के दौरान अपने परिजनों को खोया है अथवा रोजगार से वंचित हो गये हैं को राजस्थान सरकार द्वारा जनकल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करेंगे तथा ऐसे परिवारों की परिस्थितियों का फीडबैक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को उपलबध करवायेंगे जिसके आधार

पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोरोना पीड़ित परिवारों को अधिकाधिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार की योजनाओं को अधिकाधिक लाभकारी बनाने के लिये प्रस्ताव सरकार को भेजेगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने बताया कि देश में बढ़ती मंहगाई एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने की मांग हेतु केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत् दिनांक 16 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं प्रमुख नेताओं द्वारा 5 किलोमीटर साईकिल यात्रा निकाली जायेगी तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित अलबर्ट हॉल से जेएलएन मार्ग स्थित गाँधी सर्किल तक साईकिल यात्रा निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। इसी प्रकार दिनांक 17 जुलाई को बढ़ती मंहगाई के विरूद्ध एवं पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक जुलूस के रूप में पैदल मार्च निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा दिनांक 29 जुलाई, 2020 को विधिवत् प्रदेशाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया गया था। पदासीन होने के पश्चात् एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर दिनांक 29 जुलाई, 2021 को प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किये गये समस्त कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा।